दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 161
मुरादाबाद
(Thursday)
02 October 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संघ को कुचलने के प्रयास हुए, साजिशें हुईं, पर...: शताब्दी समारोह में PM मोदी ने गिनाईं RSS की उपलब्धियां



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र के प्रति योगदान को रेखांकित करने वाला विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी किया। इस साल विजयदशमी से लेकर 2026 विजयदशमी तक संघ शताब्दी वर्ष मनाएगा।पीएम मोदी डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें संघ जैसे संगठन का शताब्दी वर्ष देखने को मिल रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों शुभकामनाएं दीं और संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। देशवासियों को दी महानवमी की शुभकामनाएं- पीएम मोदी ने समारोह के दौरान कहा, आज महानवमी है। आज देवी सिद्धिदात्री का दिन है। मैं सभी देशवासियों को नवरात्रि की बधाई देता हूं। कल विजयादशमी का महापर्व है- अन्याय पर न्याय की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत है। विजयदशमी भारतीय संस्कृति के इस विचार और विश्वास का कालजयी उद्घोष है। ऐसे महान पर्व पर 100 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना ये कोई संयोग नहीं था। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनरुत्थान था। जिसमें राष्ट्र चेतना, समय समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। %सिक्के के ऊपर अंकित संघ का बोध वाक्य%- उन्होंने बताया कि संघ की 100 वर्ष की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में आज भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी किए हैं। पीएम ने जारी किए गए सिक्के की विशेषता बताते हुए कहा, 100 रुपए के सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय चिन्ह है और दूसरी ओर सिंह के साथ वरद-मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि है। भारतीय मुद्रा पर भारत माता की तस्वीर संभवत: स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस सिक्के के ऊपर संघ का बोध वाक्य भी अंकित है- राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम। 1963 में 26 जनवरी की परेड में शामिल हुए थे स्वयंसेवक 1963 में ऋस्स् के स्वयंसेवक भी 26 जनवरी की परेड में शामिल हुए थे। उन्होंने बहुत आन-बान-शान से राष्ट्रभक्ति की धुन पर कदमताल किया था।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी और संघ की धारा में भी सैकड़ों जीवन पुष्पित, पल्लवित हुए हैं। अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विराट उद्देश्य लेकर चला। ये उद्देश्य रहा- राष्ट्र निर्माण। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, संघ के बारे में कहा जाता है कि इसमें सामान्य लोग मिलकर असामान्य और अभूतपूर्व कार्य करते हैं। व्यक्ति निर्माण की ये सुंदर प्रक्रिया हम आज भी संघ की शाखाओं में देखते हैं। संघ शाखा का मैदान एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां स्वयंसेवक की अहं से वयं तक की यात्रा शुरु होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञ वेदी है। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ, शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति। यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। संघ ने कितने ही बलिदान दिये। लेकिन भाव एक ही रहा - राष्ट्र प्रथम... लक्ष्य एक ही रहा - एक भारत, श्रेष्ठ भारत।संघ के खिलाफ साजिशें हुईं, कुचलने के प्रयास हुए%- पीएम मोदी ने संघ के खिलाफ साजिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, राष्ट्र साधना की इस यात्रा में ऐसा नहीं है कि संघ पर हमले नहीं हुए, संघ के खिलाफ साजिशें नहीं हुईं, हमने देखा है कि कैसे आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास हुआ। मुख्यधारा में आने से रोकने के अनगिनत षड्यंत्र हुए। परमपूज्य गुरुजी को झूठे केस में फंसाया गया, उन्हें जेल तक भेज दिया गया। लेकिन जब पूज्य गुरुजी जेल से बाहर आए तो उन्होंने सहज रूप से कहा और शायद इतिहास में सहज भाव एक बहुत बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने सहजता से कहा था कि कभी-कभी जीभ दांतों के नीचे आकर दब जाती है, कुचल भी जाती है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ देते हैं, क्योंकि दांत भी हमारे हैं और जीभ भी हमारी है। पीएम ने कहा कि संघ प्रारंभ से राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थितप्रज्ञ रखा है, समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। %सरकारों ने लंबे समय तक संघ को नहीं दी प्राथमिकता% - प्रधानमंत्री मोदी ने संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं की विशेषता बताते हुए कहा, खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है जो दुर्गम हैं, जहां पहुंचना सबसे कठिन है। हमारे देश में लगभग 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहन हैं। जिनके कल्याण के लिए संघ लगातार प्रयासरत है। लंबे समय तक सरकारों ने उन्हें प्राथमिकता नहीं दी, लेकिन संघ ने उनकी संस्कृति, उनके पर्व उत्सव, उनकी भाषा और परंपराओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सेवा भारती, विद्या भारती, एकल विद्यालय, वनवासी कल्याण आश्रम आदवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं।

संक्षिप्त समाचार

मधुमेह मरीज के लिए भारत में डेनमार्क की दवा को मंजूरी, मोटापा भी घटाएगी; जानिए खासियत

मधुमेह के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। भारत में यूरोपीय देश डेनमार्क में बनी दवा को मंजूरी दी गई है। जानकारी के मुताबिक इस दवा के इस्तेमाल से मोटापा घटाने में भी मदद मिलेगी।टाइप 2 मधुमेह के मरीजों के लिए भारत ने डेनमार्क की नई दवा को मंजूरी दी है। नई दिल्ली स्थित केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने सेमाग्लूटाइड नामक दवा को भारतीय बाजार में लाने की आधिकारिक अनुमति दी है जो एक फिनिश्ड फॉर्मुलेशन है यानी यह दवा पूरा प्रोसेस करके, पैक करके, इंजेक्शन के रूप में तैयार हो चुकी है। वयस्क मरीजों के लिए है दवा- सेसाग्लूटाइड इंसुलिन की तरह काम करने वाला अणु है जो लूकागज लाइक पेप्टाइड-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट श्रेणी की दवा है। यह उन वयस्क मरीजों के लिए है जिन्हें आहार और व्यायाम से पर्याप्त नियंत्रण नहीं मिल रहा और मेटफॉर्मिन जैसी पारंपरिक दवाएं या तो सहन नहीं हो पा रही हैं या फिर प्रभावी नहीं हैं।हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे हृदय रोगों के खतरे कम होते हैं- ओजेम्पिक नाम से भी चर्चित यह दवा ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने के साथ-साथ हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे हृदय रोगों के खतरे को भी कम करती है। साथ ही, दुनियाभर में हुए क्लिनिकल ट्रायल्स ने दिखाया है कि इसका असर वजन कम करने में भी कारगर है। । इसे मोटापे से जूझ रहे मरीजों के लिए भी आशा की दवा माना जा रहा है।

राष्ट्रपति मर्मू ने सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुखों से की मुलाकात, इन मुद्दों पर की चर्चा

राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान और थल, वायु, नौसेना प्रमुखों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इसके बाद महामहिम ने राष्ट्रपति की अंगरक्षकों को उनके 75 वर्षों की सेवा के लिए डायमंड जुबिली सिल्वर ट्रंपेट और ट्रंपेट बैनर प्रदान किया। इस दौरान अंगरक्षको के प्रतिष्ठित घोड़े 'वीरात' को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में मुख्य रक्षा अधिकारी जनरल अनिल चौहान और थल, वायु और नौसेना प्रमुखों से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की हैं। यह बैठक भारत की सैन्य नेतृत्व की मजबूती और रणनीतिक संवाद को दर्शाती है। राष्ट्रपति मर्मू ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान के साथ सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी से मुलाकात की। बैठक का उद्देश्य देश की सुरक्षा, सैन्य तैयारियों और प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करना बताया गया। राष्ट्रपति की अंगरक्षकों का सम्मान- राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति की अंगरक्षकों (पीबीजी) को उनके 75 वर्षों की शानदार सेवा के लिए डायमंड जुबिली सिल्वर ट्रंपेट और ट्रंपेट बैनर प्रदान किया। इस अवसर पर 'वीरात', अंगरक्षक के प्रतिष्ठित अश्व को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने समारोह में कहा कि हम सभी अंगरक्षकों की सेवा और परंपराओं पर गर्व महसूस करते हैं। पीबीजी का ऐतिहासिक महत्व राष्ट्रपति की अंगरक्षकों की स्थापना 1773 में गवर्नर-जनरल के अंगरक्षक के रूप में हुई थी, जिसे बाद में वायसरॉय के अंगरक्षक के नाम से जाना गया। 27 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रपति की अंगरक्षकों के रूप में नामित किया गया। यह एकमात्र रेजिमेंट है जिसे दो 'स्टैंडर्ड' राष्ट्रपति का स्टैंडर्ड और रेजिमेंटल स्टैंडर्ड धारण करने की अनुमति है। अद्वितीय संबंध और परंपरा- पीबीजी के कर्मियों और उनके घोड़ों के बीच विशेष संबंध है। रिटायरमेंट के बाद भी 'वीरात' को अपनाया गया, जो इस बंधन का प्रतीक है। पीबीजी के कर्मी उत्कृष्ट अश्वारोही, टैंक विशेषज्ञ और पैराट्रूपर्स होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 जनवरी, 2022 को गणतंत्र दिवस पर इस घोड़े को प्यार से थपथपाया था। चयन प्रक्रिया और वर्तमान संरचना- आज पीबीजी विशेष शारीरिक क्षमताओं वाले हाथ से चुने गए व्यक्तियों का संगठन है। इसकी चयन प्रक्रिया बहुत कठोर होती है। वर्तमान में यह रेजिमेंट समारोहों और राष्ट्रपति के प्रतिनिधित्व के लिए जिम्मेदार है। इसकी पेशेवर उत्कृष्टता और सैन्य परंपराओं का पालन इसे भारतीय सेना में अनूठा बनाता है।

केंद्रीय कर्मियों का डीए बढ़ा, 1 करोड़ 18 लाख कर्मचारियों व पेंशनधारकों को मिला दिवाली का तोहफा

सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों पर भी लागू होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों से पहले महंगाई भत्ते में यह बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि कैबिनेट ने 49.2 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनभोगियों को लाभ पहुंचाने के लिए डीए/डीआर में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इसके साथ यह दर मूल वेतन और पेंशन के 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से लागू होगी। जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया दिवाली से ठीक पहले अक्तूबर के वेतन के साथ दिया जाएगा। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि डीए और डीआर में वृद्धि के कारण राजकोष पर कुल मिलाकर 10,083.96 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की लागत आएगी। यह वृद्धि 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फार्मूले के अनुसार है।सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों पर भी लागू होगी। महंगाई भत्ते में इजाफे के बाद ?30,000 मूल वेतन वाले कर्मचारी को हर महीने ?900 अतिरिक्त मिलेंगे। वहीं ?40,000 वेतन वाले कर्मचारी को ?1,200 अतिरिक्त मिलेंगे। तीन महीनों में, बकाया राशि कुल ?2,700 से ?3,600 होगी। डीए में बढ़ोतरी त्योहारों के समय मौके पर केंद्रीय कर्मियों को राहत देगी।

झांसी जेल पहुंचा माफिया अतीक का बेटा अलीः योगी आदित्यनाथ से लगाई गुहार बोला- अब और ना सताया जाये...बचा लें

अली अहमद ने मुख्यमंत्री योगी से गुहार लगाते हुये कहा कि अब और न सताया जाये, जो हो गया सो हो गया, जो अन्यथा सताया जा रहा है उससे बचा ले।कुख्यात माफिया अतीक अहमद का बेटा अली अहमद बुधवार दोपहर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल शिफ्ट कर दिया गया। झांसी जेल पहुंचने पर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए अली अहमद ने कहा मीडिया वालों के माध्यम से मुख्यमंत्रीजी से निवेदन है कि अब और न सताया जाये, जो हो गया सो हो गया, जो अन्यथा सताया जा रहा है उससे बचा ले। वहीं, उसने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने परेशान करने के लिए जानबूझकर उसकी जेल बदली है। अली ने बताया कि नैनी सेंट्रल जेल में वह पूरे नियम कायदे के साथ रह रहा था। लेकिन परेशान करने के मकसद से उसे प्रयागराज से दूर झांसी भेजा गया। रास्ते भर में उसे पीने के लिए पानी तक नहीं दिया गया। नैनी सेंट्रल जेल में अधिवक्ताओं के सिवाय उससे कोई भी मिलने नहीं आता था। बुधवार दोपहर करीब 2ः35 बजे पुलिस जीप में अली अहमद झांसी जेल पहुंचा। यहां मीडिया कर्मियों का भारी जमावड़ा था। किसी तरह पुलिसकर्मी जेल का गेट खोलकर उसे भीतर ले गए। जेल के भीतर पहले उसकी आमद कराई गई। इसके बाद तलाशी लेकर भीतरी सेल में ले जाया गया। अभी उसे तन्हा बैरक में रखा जाएगा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विनोद कुमार के मुताबिक जेल नियमों के तहत ही उसे सेल के अंदर रखा जाएगा।

मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती; बेटे ने बताया- पेसमेकर लगाया जाएगा

मल्लिकार्जुन खरगे को आगामी 7 अक्तूबर को नगालैंड के कोहिमा जाने का कार्यक्रम है, जहां वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस जनसभा में 10 हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन अब खरगे की तबीयत बिगड़ने के बाद उनके नगालैंड दौरे पर संशय के बादल मंडरा गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई है। जिसके बाद खरगे को बंगलूरू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष 83 वर्षीय मल्लिकार्जुन खरगे को बंगलूरू के एमएस रमैया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, खरगे को मंगलवार को बुखार और पैरों में दर्द की समस्या हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। प्रियांक खरगे ने बताया, पेसमेकर लगाया जाएगा मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उनके पिता को पेसमेकर लगाया गया है। प्रियांक खरगे ने लिखा कि %श्री खरगे को पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई थी और अब वे उसी के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। उनकी हालत स्थिर है और वे ठीक हैं। आप सभी की चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए बहुत आभार।% गौरतलब है कि किसी व्यक्ति को पेसमेकर तब लगाया जाता है, जब उनके दिल की धड़कन धीमी या तेज या अनियंत्रित रहे, हृदय संबंधी समस्या हो, हृदय में ब्लॉकेज हो। कांग्रेस अध्यक्ष की हालत स्थिर-कांग्रेस नेताओं का कहना है कि घबराने वाली कोई बात नहीं है और कांग्रेस अध्यक्ष की हालत स्थिर है। मल्लिकार्जुन खरगे भारतीय राजनीति के मौजूदा दौर के बड़े नेताओं में शुमार किए जाते हैं। अक्तूबर 2022 में वे कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए। मल्लिकार्जुन खरगे को आगामी 7 अक्तूबर को नगालैंड के कोहिमा जाने का कार्यक्रम है, जहां वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

संपादकीय Editorial

Media in the broken pot of debate

Many things are known when the salaries and allowances of the representatives come out in the open. If politics is a profession, then salary is also a right. Politics has got a ground to live on, so every victory has privileges attached to it. When the Himachal Vidhan Sabha was increasing the salary of the MLAs with a happy consensus, the media was getting the news of what the community is. That is why the youth of the press gallery were mentioned again and again in the House and the media sitting in the broken pot of every debate was also cursed, because journalism has neither rights nor privileges in democracy. In the era of inflation, democratic protection has become expensive, that is, every pillar of it needs expenditure, perhaps that is why 'Electoral Bond' was invented and also stopped by its miracle. The public sees the cost of every election in a dilemma. It is very difficult to become an MLA or MP after winning. Now even the election of Panchayat Councilor is a financial system. Therefore, if we hear the heartbeat of the next election in the payment of salary, then it is insufficient. Can anyone bear the cost of elections by saving on his salary and allowances? It is certainly very difficult to go through elections. If the salaries of MPs are increased, then naturally the need to increase the salaries of MLAs of the state increases. At least in the test of increasing salaries, the double engine proves useful. The BJP MLAs who spoke in the debate in the House spoke very well. They spoke in favour of the government and the reality of the state, but we will only say that with the same passion these responsible representatives should also speak in the ears of the Center in favour of Himachal. When did we once see the details of the capability of the elected representative in his education. He can become entitled to salary and pension after spending five years, because it is his constitutional right. This is the democracy here. We can say that the democracy of India is in a good mood and can always remain so, provided the honorables are not worried about what is the inflation rate in the country, what are their needs, what are their facilities, how much is their authority, how crippled is the country or how much debt is there on the state. By the way, the attendance register determines that there is discipline in getting salary, so the journalist who waits for news all day, marks his absence from salary. It is a different matter that now media's attendance is being signed by politics, journalists are being present in every court. Media is no longer just newspapers, so MLAs have also started uploading videos of their news or have started sharing them on digital channels here and there. As much as it was inside the House, it is more outside as well, because the videos of MLAs have now started becoming the property and views of journalists, still there is a complaint that journalists are not loyal. Those who bow down to the friendly side of the media on the issues of their videos from the honorable House, their contact with the public, debates between the ruling and opposition parties, political gossips and their image, if the same curse journalism on the justification of their salary, then it will have to be accepted on which basis of democracy their powers are being displayed. Within the limits of the arguments on which the salaries and allowances of the MLAs should be increased, it is unnecessary to criticize the financial recommendation in favor of the financial system of the state, the ambitions of the unemployed and the self-reliance and independence of the journalists. About half a dozen newspapers are being published from Himachal and the same number are coming from outside, so this is also an investment of employment. If the state has to stay close to words.

Bareilly controversy: Is 'Ghazwa-e-Hind' really possible in this country?

The question is bound to arise: what was the real purpose of the 'I Love Mohammad' campaign, and what connection does this exercise have with 'Ghazwa-e-Hind'? The 'I Love You Mohammad' poster controversy, which began in Kanpur, Uttar Pradesh, escalated into violent protests by protesters in Bareilly, and in Ahilya Nagar, Maharashtra, serious communal tensions erupted after someone created a rangoli with the words 'I Love Mohammad'. A pattern in these incidents suggests that nothing is sudden or spontaneous. While there is nothing wrong with loving one's God or His messenger at first glance, if the motive behind doing so is illicit, questions are bound to arise. And it's not just one party that's responsible for fueling this. While the Kanpur controversy had largely subsided, it was later spread elsewhere with the intention of further escalating it. In response, some Hindu organizations also launched a counter-poster war, "I Love Mahadev." Following the Bareilly violence, Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath sternly declared that the "Ghazwa-e-Hind" motives in India would be crushed. Such action would be taken against the perpetrators that future generations would remember. What was the real purpose? - The question that arises here is: what was the real purpose of the "I Love Mohammad" campaign and what connection does this exercise have with "Ghazwa-e-Hind"? What kind of concept is this, and is it practically feasible today, or is it merely being used to stir up radical sentiments among Muslims? Can it be completely crushed? The question also arises: was what happened in Bareilly merely the result of immense love for Prophet Muhammad or merely a trailer of a conspiracy to spread violence and anarchy across the country? Critics believe that this Muslim violence is actually the bursting of a safety valve of anger stemming from the Modi-Yogi government's attitude towards them. The only solution is mutual dialogue and courtesy. Many believe that Muslim dissatisfaction with the government is justified, but the manner in which it is being expressed poses a serious threat to the unity and integrity of the country. This cannot be brushed under the carpet as merely an expression of public anger. Is it wrong to express one's love by putting up posters? First, let's talk about "I love you, Muhammad." There cannot be a single Muslim who does not love Prophet Muhammad. When a person accepts Islam, they are first made to recite the Kalma: "None is worthy of worship except Allah, Muhammad is the Messenger of Allah." This is where the unwavering faith in Prophet Muhammad begins. Muslims generally add "Sallallahu alaihi wa sallam" (peace and blessings of Allah be upon him) with respect before his name. So, is it wrong to express their spiritual devotion to Muhammad by putting up posters? Should this be considered a new tradition? However, some considered it "new" because such posters are not usually seen in Milad-un-Nabi processions. Yet, why did this expression of love turn into a violent demonstration? Some argue that the protests were sparked by the Kanpur police filing a case against some individuals in the poster incident. Certainly, one can object to the police action, but what is the point of fanning this flame? Was this truly done with the intention of "Ghazwa-e-Hind" or Is this being exaggerated? Before understanding this, it's important to understand Ghazwa-e-Hind. The Arabic word "Ghazwa-e-Hind" literally means "Islamic military conquest of Hind (India)." In other words, the Islamization of all of India. This is because India is primarily a country of idol worshippers, and idol worship is forbidden in Islam. However, some scholars interpret "Ghazwa" to mean "campaign." Islamic scholars have differing opinions on the interpretation of "Ghazwa-e-Hind." Last year, Darul Uloom Deoband, the highest institution of Sunni Islam in Uttar Pradesh, issued a fatwa justifying Ghazwa-e-Hind, which sparked considerable controversy. Darul Uloom posted this fatwa on its official website. The National Commission for Protection of Child Rights declared this fatwa anti-national. Darul Uloom was asked whether the Hadith (the most sacred book after the Quran) mentions Ghazwa-e-Hind. Citing the Sahihistat book Sunan al-Nasa'i, Darul Uloom Deoband stated that it contains an entire chapter on Ghazwa-e-Hind. According to the fatwa, a hadith attributed to Hazrat Abu Huraira, a close associate of the Prophet Muhammad, speaks of Ghazwa-e-Hind. Huraira said, "I will fight in this battle and sacrifice all my wealth. If I die, I will be a great martyr. If I survive, I will be called a Ghazi (conqueror)." Some Islamic scholars, such as Yunus Al-Gohar, co-founder of the British Messiah Foundation International, believe that people are being misled by linking Ghazwa-e-Hind to a hadith. Ghazwa-e-Hind does not mention the killing of Hindus, Sikhs, or those who did not accept Islam. Ghazwa is defined as a battle in which Muhammad himself was physically involved. This means that neither did a Ghazwa occur nor does it exist, which people are now seeing as a battle. They are saying this, but if something like this were to happen and Muhammad Sahib wasn't involved, it wouldn't be a Ghazwa, but a massacre. It's a different matter that despite nearly 600 years of Muslim rule in India, a 'Ghazwa-e-Hind' never happened. This is also due to our deep religious and cultural roots, which, despite our profound contradictions, remain unresolved. On the other hand, Bihar Governor and jurist Arif Mohammad Khan believes that a false campaign is being run in India under the name of Ghazwa-e-Hind. Its purpose is to instill in people the idea that Muslims will dismember India. No one will accept this. What is the opinion of Islamic scholars? According to Islamic scholar Dr. Maulana Waris Mazhari, "Ghazwa-e-Hind" is mentioned in only one of the six authentic collections of Hadiths. Its narrations only mention one companion, Abu Huraira. Therefore, it seems that this narration is not accurate and was written long after the Prophet Muhammad's time by the rulers of the Umayyad Caliphate to give an Islamic garb and justify their policy of invasion and expansion. However, many Islamic terrorist organizations around the world adhere to the same interpretation of global Islamic conquest and advocate the implementation of Sharia law everywhere. Some Indian Islamic scholars believe that Ghazwa-e-Hind has already been accomplished by the previous attacks on India. While some Muslim scholars believe that this work is only 50% complete. It is noteworthy that in Islam, the world is divided into two parts: one, where followers of Islam rule, i.e., "Dar-ul-Islam," and two, where Muslims live but are ruled by followers of a non-Islamic religion. This is called "Dar-ul-Harb." Some extreme Muslims believe that since India has a sufficient number of Muslims (approximately 250 million) to rule, India should also be "Dar-ul-Islam." Non-Islamic (infidel) religions have no place here. By the way, a radical organization called "Ghazwa-e-Hind" is also active in India. Two years ago, the NIA raided seven locations in three states related to cases related to this organization. The Islamic fundamentalist organizations waging jihad against India have the same motto, "Ghazwa-e-Hind." Bareilly Violence and Chaos: As for the Bareilly violence, it is reported that a large number of people took to the streets, carrying placards reading "I Love Mohammad," at the Ala Hazrat Dargah and responding to the appeals of Ittehad-e-Millat Council chief Maulana Tauqeer Raza Khan. Police attempted to stop the protesters, leading to stone-pelting, clashes, lathi-charges, and firing. Several people, including policemen, were injured. It is reported that a letter attributed to Maulana Tauqeer Raza went viral before Friday prayers, urging people not to participate in the protests. Although the Maulana denied the letter, the crowd had already been mobilized. The manner in which the incident unfolded suggests pre-planned violence. Another reason is cited for the riot in Bareilly. Children were playing cricket near the Muslim community's "I Love Mohammad" poster. A ball struck the poster, sparking public anger. The matter soon took a political turn. UP government minister Jaiveer Singh said that the entire state knows the purpose of the "I Love Mohammad" issue... "This is a deliberate conspiracy by some people to disrupt peace and law and order." Meanwhile, the opposition questioned the lathi charge on rioters, with Akhilesh Yadav writing on social media, "Governments run by harmony and goodwill, not lathi charge. Highly condemnable!" Maulana Khalid Saifullah Rahmani, president of the All India Muslim Personal Law Board, objected to the Bareilly lathi charge, saying that expressing love is a fundamental right. Expressing love for Prophet Muhammad is not a violation of the law. However, the way this controversy is escalating, it seems there is a plan to spread unrest across the country. If what started as love has escalated to the point of "military victory," it is bound to raise concerns. UP Chief Minister Yogi Adityanath sees this as a warning of a deeper conspiracy. That's why, at an event in Lucknow, CM Yogi, speaking harshly about the Bareilly violence, said that the Maulana had forgotten who was in power in Uttar Pradesh. He explained in the language he understood. We have clearly stated that there will be no road blockades or curfews in the city. These are the people who mislead society with false slogans. Meanwhile, at a rally in Balrampur, Yogi Adityanath declared that "Ghazwa-e-Hind" will not take place on Indian soil. Those who create trouble will be sent to hell. This government will not tolerate anarchy at all. It remains to be seen what happens next, but what is happening is not good for national harmony. The country needs Ghazwa-e-Aman, not Ghazwa-e-Hind.On the other hand, Bihar Governor and jurist Arif Mohammad Khan believes that a false campaign is being run in India under the name of Ghazwa-e-Hind. Its purpose is to instill in people the idea that Muslims will dismember India. No one will accept this. What is the opinion of Islamic scholars? According to Islamic scholar Dr. Maulana Waris Mazhari, "Ghazwa-e-Hind" is mentioned in only one of the six authentic collections of Hadiths. Its narrations only mention one companion, Abu Huraira. Therefore, it seems that this narration is not accurate and was written long after the Prophet Muhammad's time by the rulers of the Umayyad Caliphate to give an Islamic garb and justify their policy of invasion and expansion. However, many Islamic terrorist organizations around the world adhere to the same interpretation of global Islamic conquest and advocate the implementation of Sharia law everywhere. Some Indian Islamic scholars believe that Ghazwa-e-Hind has already been accomplished by the previous attacks on India. While some Muslim scholars believe that this work is only 50% complete. It is noteworthy that in Islam, the world is divided into two parts: one, where followers of Islam rule, i.e., "Dar-ul-Islam," and two, where Muslims live but are ruled by followers of a non-Islamic religion. This is called "Dar-ul-Harb." Some extreme Muslims believe that since India has a sufficient number of Muslims (approximately 250 million) to rule, India should also be "Dar-ul-Islam." Non-Islamic (infidel) religions have no place here. By the way, a radical organization called "Ghazwa-e-Hind" is also active in India. Two years ago, the NIA raided seven locations in three states related to cases related to this organization. The Islamic fundamentalist organizations waging jihad against India have the same motto, "Ghazwa-e-Hind." Bareilly Violence and Chaos: As for the Bareilly violence, it is reported that a large number of people took to the streets, carrying placards reading "I Love Mohammad," at the Ala Hazrat Dargah and responding to the appeals of Ittehad-e-Millat Council chief.

कप्तान अमित कुमार आनंद द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखुँ सच/ताज मलिक/ जिला अमरोहा /उत्तर प्रदेश थाना बछरायुं कप्तान अमित कुमार आनंद द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत तथा अंजलि कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में व थाना अध्यक्ष थाना बछरायूं के कुशल नेतृत्व में थाना बछरायुं पुलिस द्वारा दो वारंटी एक अभियुक्त रिजवान पुत्र छोटे निवासी मोहल्ला लाल मस्जिद थाना हसनपुर जिला अमरोहा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 85 /23 व अपराध संख्या 231/ 22, धारा 13जी एक्ट मान्य न्यायालय धनौरा जनपद अमरोहा एक अभियुक्त राजू पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम डंगरौली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 1405/ 24 अपराध संख्या 205 /13,धारा 457/ 380/ 41 भारतीय दंड विधि विविध चलानी थाना बछरायूं तारीख पेशी 03 ⁼10 ⁼ 025 मान्य न्यायालय सिविल जज (जू0 डि0) जे एम एफ0 ,टी0, सी0 प्रथम के समक्ष गिरफ्तार कर मान्य न्यायालय भेजा जा रहा है गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक कृपाल सिंह,उप निरीक्षक संयोग तोमर, हेड कांस्टेबल 422 दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल सरताज हुसैन, थाना बछरायूं जिला अमरोहा

विवेचना में लापरवाही... क्राइम इंस्पेक्टर और एसएसआई निलंबित, आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप

अमरोहा में हैंडलूम कारोबारी और पूर्व सीओ के बेटे की आत्महत्या मामलों की विवेचना में लापरवाही बरतने पर एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने एसएसआई और अपराध इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया। दोनों विवेचकों पर आरोपियों से मिले होने के आरोप लगे थे।हैंडलूम कारोबारी गुफरान और पूर्व सीओ ताहिर उस्मानी के बेटे व प्रॉपर्टी डीलर राहिल उस्मानी की आत्महत्या के मामले में एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों मामलों के विवेचक एसएसआई अभिलाष प्रधान और अपराध इंस्पेक्टर रणदीप पुंडीर को निलंबित कर दिया है। दोनों पर विवेचना में लापरवाही बरतने का आरोप है। हैंडलूम कारोबारी की मौत के मामले में एसएसआई ने आरोपियों को हाईकोर्ट से स्टे लाने तक का समय दे दिया। उनकी गिरफ्तारी करने तक का प्रयास नहीं किया जबकि प्रॉपर्टी डीलर राहिल की मौत में भी अपराध इंस्पेक्टर रणदीप पुंडीर भी लापरवाही बरत रहे थे।उन्होंने भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। दोनों ही विवेचकों के ऊपर आरोपियों से हमसाज होने के आरोप लग रहे थे। 24 अगस्त को अमरोहा के मोहल्ला नल अताउल्लाह के बेटे हैंडलूम कारोबारी गुफरान घर में ही फंदे पर लटककर जान दे दी थी। उन्होंने सुसाइड नोट और एक वीडियो छोड़ा था। जान देने से पहले गुफरान ने आरोप लगाया था कि मोहल्ला कोट निवासी फजल, मोहल्ला सराय कोहना निवासी सोनू कबाब वाला, बबलू व मोहसिन, मोहल्ला चाहमुल्लान निवासी अयूब बावर्ची, मोहल्ला बटवाल निवासी तंजीम बेग, मोहल्ला तलवार शाह निवासी सलीम और गुफरान की भाभी सना उसे परेशान कर रहे थे। 24 अगस्त के शाम चार बजे फजल ने गुफरान को कोट चौकी पर बुलाया। यहां पर पहले से सभी आरोपी मौजूद थे। सभी ने पुलिस चौकी के पास ही गुफरान के साथ बदतमीजी और मारपीट की। इसके बाद गुफरान को चौकी से दुकान पर ले गए और बंधक बनाकर पीटा। इस मामले में पुलिस ने गुफरान की भाभी सना समेत आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मामले की विवेचना एसएसआई अभिलाष प्रधान कर थे। मामले में पुलिस ने सिर्फ सना को जेल भेजकर पल्ला झाड़ लिया। बाद में आत्महत्या के लिए उकसाने वाले सात आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। इस मामले में कारोबारी गुफरान के पिता अताउल्लाह विवेचक अभिलाष प्रधान आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया था।

बच्चों के विवाद के बाद भिड़े बड़े... कुल्हाड़ी से हमला कर किसान की हत्या, तीन भाई घायल, अमरोहा की घटना

बावनपुरा माफी गांव में बच्चों के झगड़े के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें किसान रामपाल सिंह (35) की मौत हो गई। आरोप है कि दूसरे गुट ने हमला किया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे किसान रामपाल सिंह (35) की हत्या जयप्रकाश घायल कर दिया। धर्मेंद्र की पुलिस ने जांच की। मामले में आरोपी पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कर रही है। पुलिस के मुताबिक गांव में हैं।मंगलवार को दोनों परिवारों के बच्चे में बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। बाद में परिजनों को बताई। इसके बाद में दोनों शाम को बलवीर सिंह ने अपने बेटे रवि, रहने वाले रिश्तेदार विकास के साथ रामपाल सिंह, सोमपाल और धर्मेंद्र पर लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। घटना में और धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में रामपाल सिंह को मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन जिला अस्पताल से मेरठ जाते समय रामपाल सिंह की मौत हो गई। हमले में घायल धर्मेंद्र की हालत नाजुक बनी हुई है। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने आरोपियों पर कुल्हाड़ी से हमला करने का भी आरोप लगाया है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में जयप्रकाश सिंह की तहरीर पर आरोपी रवि, श्रवण, राहुल, बलवीर और विकास के खिलाफ हत्या की कोशिश व हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बावनपुरा माफी गांव में बच्चों के विवाद चले। एक पक्ष ने कुल्हाड़ी से हमला कर कर दी। उनके भाई धर्मेंद्र, सोमपाल और हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुंची के पिता और तीन पुत्रों समेत पांच लोगों पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास नत्थू सिंह और बालवीर के परिवार रहते घर के बाहर खेल रहे थे। तभी खेल-खेल बच्चों ने आपसी झगड़े की बात घर जाकर पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि लक्ष्मण, राहुल और भटपुरा माफी गांव के मिलकर नाथू सिंह के बेटे जयप्रकाश, हमला कर दिया। धारदार हथियार और जयप्रकाश सिंह, रामपाल सिंह, सोमपाल चारों के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना

योगी सरकार का किसानों के पंजीकरण पर जोर, सभी जनपदों में 50% कार्य पूर्ण, हर गांव में लगाया जाएगा शिविर

मुरादाबाद- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योगी सरकार किसानों के पंजीकरण कार्य पर विशेष जोर दे रही है। प्रदेशभर में किसानों का पंजीकरण तेजी से कराया जा रहा है। अब तक उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में 50 प्रतिशत तक फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य किसान सम्मान निधि की किस्त उन्हीं किसानों को मिलेगी से जल्द प्रदेश भर के किसानों के रजिस्ट्रेशन प जोर दे रही है। आदेश दिया है कि पीएम किसान पोर्टल पर प्रत्येक किसान का प्रतिदिन शिविर लगाए जाएंगे। प्रत्येक गांव में कम से कम एक पंजीकरण और विवरण अपडेट करने की सुविधा दी जाएगी। 50त्न से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें कई जिले उल्लेखनीय पूर्ण हो चुका है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से पीएम जिन्होंने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया होगा। ऐसे में योगी सरकार जल्द हर जिले में शिविर लगाने के निर्देश योगी सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को विवरण अपडेट कराया जाए। इसके लिए 16 अक्टूबर से 30 नवंबर तक शिविर आयोजित करना अनिवार्य होगा। यहां पर किसानों को मौके पर कई जिलों ने 55त्न से अधिक पंजीकरण कार्य पूरा किया प्रदेश में अब तक प्रगति कर चुके है। रामपुर - 61.37त्न बिजनौर - 58.92त्न हरदोई - 58.31त्न श्रावस्ती - 58.01त्न पीलीभीत - 57.58त्न अंबेडकरनगर - 57.46त्न मुरादाबाद - 57.17त्न बरेली - 56.80त्न गाजियाबाद - 56.79त्न कौशाम्बी - 56.09त्न किसानों से की गई अपील- योगी सरकार ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर अपना पंजीकरण कराएं ताकि किसी भी किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त से वंचित न होना पड़े।

व्यापारियों को त्योहारी सीजन से 200 करोड़ रुपये की उम्मीद

मुरादाबाद- त्योहारों के सीजन में खरीदारी तेज है। दो अक्टूबर को दशहरा और 10 अक्टूबर को करवा चौथ है। 21 अक्टूबर को दिवाली है, इसके बाद सहालग शुरू हो जाएंगे। त्योहारों और शादियों की तैयारी के लिए बाजारों में बड़े शहरों से रेडीमेड वेस्टर्न और एथनिक परिधान चलन में है, जिन्हें जा रहा है। इस सीजन में व्यापारी लगभग 200 त्योहारों के साथ शादियों के लिए भी लोग खरीदारी में परिधानों की मांग 40 से 50 फीसदी तक बढ़ गई परिधानों की मांग अधिक है, क्योंकि महिलाएं और महत्व दे रही हैं। वहीं, शादियों के लिए रेयान, सिल्क, के लिए जींस-टीशर्ट के साथ कुर्ता पायजामा, शेरवानी दुकान पर नितिन राज ने बताया कि प्रतिदिन औसतन 20 ग्राहक ही आते हैं। इस वक्त सहालग का काम स्टोन वर्क, जरदोजी, जोधपुरी शेरवानी, सूट की परिधान आने शुरू हो गए हैं। इस समय इंडियन, इंडो मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता व लुधियाना से मंगवाया करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगा रहे हैं। करने पहुंच रहे हैं। सामान्य दिनों की अपेक्षा त्योहारी सीजन है। कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि इस बार इंडो वेस्टर्न युवतियां फैशन के साथ आरामदायक कपड़ों को अधिक बनारसी, कश्मीरी सिल्क साड़ी की बहुत मांग है। लड़कों आदि की खरीदारी की जा रही है। टाउन हॉल स्थित एक 40 से अधिक ग्राहक आ रहे हैं। सामान्य दिनों में 15 से मुख्य है। शेरवानी में डबल लेयर, हैंडवर्क, मिरर वर्क, मांग है। कोट में भी कढ़ाई का काम है। शादियों वाले घरों में एक ही रंग के कई-कई सूट खरीदे जा रहे हैं। सूट में प्लेन और चमक अधिक पसंद किए जा रहे हैं। दूल्हे के लिए जोधपुरी बंधेज पगड़ी की ज्यादा बिक्री हो रही है। हम अपना माल खुद तैयार करवाते हैं। मुरादाबाद के अलावा आसपास के जिलों से खरीदारी के लिए ग्राहक आ रहे हैं। दुल्हन का लहंगा 30 हजार रुपये की रेंज में ज्यादा पसंद किया जा रहा है। कश्मीरी एंब्राइडरी शॉल की जा रही पसंद- ताड़ीखाना पर नीरज चावला ने बताया कि बच्चों के लिए कुर्ता-पायजामा और उसमें भी थ्री पीस की अधिक मांग हैं। ग्राहक कोटी वाले कुर्ते, शर्ट के बजाय टी-शर्ट ज्यादा पसंद कर रहे हैं। हल्के रंगों की काफी मांग है। वूलन में ट्वीट जैकेट काफी हैं। महिलाओं में सूट, कोट, कार्डीगन की नई रेंज आई है। महिलाएं पेंट सूट और प्रिंट सूट खरीद रही हैं। शादी-ब्याह के लिए कश्मीरी एंब्राइडरी शॉल पसंद की जा रही हैं। करवाचौथ में साड़ियों की बिक्री अच्छी- व्यापारी अनुज जगनेजा ने बताया कि वैवाहिक सीजन में काम अच्छा होता है। शादी विवाह के लिए अच्छी खरीदारी की जा रही है। बाजार में सहालग वाले ग्राहक ज्यादा हैं। ग्राहकों को फैंसी सामान चाहिए। युवतियां गरारा, इंडो वेर्स्टन, कुर्ती, जींस टॉप पसंद कर रही हैं। मुंबई और कोलकाता से माल मंगवाया गया है। करवाचौथ की वजह से साड़ियों की बिक्री भी अच्छी है। सहालग के लिए साड़ी, सूट, ड्रेस, लहंगा, लांचा की तैयारियां हैं। अब बाजार में पूरी तरह से रौनक है।

संक्षिप्त समाचार

सपा सांसद रुचि वीरा ने बरेली में प्रॉपर्टी सीलिंग पर जताया विरोध



मुरादाबाद- समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा ने बरेली में तौकीर रजा और सहयोगियों की सीलिंग के कड़ा विरोध उन्होंने प्रशासन कार्रवाई को खिलाफ और समुदाय के लोगों की प्रॉपर्टी खिलाफ जताया है। की इस संविधान के विशेष को टारगेट करने वाला बताया है। बोलीं, हिंदुस्तान में रहने वाला कोई भी नागरिक ज्ञापन दे सकता है, विरोध प्रदर्शन कर सकता है और नबी से, अवतार से या भगवान से मोहब्बत कर सकता है। मंगलवार को आवास पर हुई प्रेस वार्ता में कहा कि तौकीर रजा को पहले गिरफ्तार किया गया और अब बिना कोर्ट के आदेश के उनकी संपत्ति नष्ट की जा रही है। मुख्यमंत्री के जो भी प्रदेश में भय फैलाएगा, उसे ठोक दिया जाएगा के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि आई लव मोहम्मद या आई लव राम कृष्ण कहता है, तो इसमें भय फैलाने वाली क्या बात हो सकती है। बनारस में हॉकी खिलाड़ी मो. शाहिद के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

अमरोहा पुलिस की किरकिरी- सूचना के बाद भी बदमाशों को नहीं कर सके गिरफ्तार, फर्राटा भरते हुए सरेआम भाग निकले

अमरोहा एसओजी और पुलिस सूचना के बाद भी बदमाश को पकड़ने में नाकाम रही। आरोपियों को पकड़ने के लिए जाम लगाकर घेराबंदी भी की गई थी। अब तक सीसीटीवी, फोन लोकेशन और कार के नंबर से भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला।पूर्व सूचना होने के बाद भी कार से जा रहे बदमाश को घेरने में चूकी एसओजी टीम और पुलिस 24 घंटे बाद मंगलवार रात तक भी खाली हाथ है। भीड़ भरी सड़क पर एसओजी की आंखों के सामने कार को फर्राटा बनाने वाले बदमाश की गिरफ्तारी तो दूर लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर पाई है। बदमाश द्वारा इस्तेमाल की गई कार का रजिस्ट्रेशन नंबर, सीसीटीवी कैमरे, फोन लोकेशन आदि से अभी तक कोई मदद नहीं मिल सकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उस बदमाश पर बरेली, मुरादाबाद व संभल में 23 मुकदमे दर्ज हैं।शक है कि कार सवार बदमाश और साथ बैठा उसका साथी अमरोहा में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश के तहत आ रहा था। सोमवार को मुखबिर से बदमाश के दिल्ली दिशा से आने की जानकारी पर टीम सक्रिय हुई और उसकी कार को फंसाने के लिए मुख्य सड़क पर जाम लगवाया। टीम बदमाश की कार के करीब तक तो पहुंची लेकिन घेराबंदी की टीम की रणनीति पर बदमाश की फुर्ती भारी पड़ी। टीम की आंखों के सामने कम जगह के बीच से भी बदमाश कार निकालकर रफूचक्कर होने में कामयाब हो गया। भागते समय सामान्य लोगों के कुछ वाहनों में टक्कर मारने से भी बदमाश नहीं झिझका। इससे माना जा रहा है कि बदमाश शातिर था और खुद को गिरफ्तारी से बचाने के लिए किसी को कार से रौंदने तक का हौसला बनाए हुए था। बदमाश का नाम बताने से बच रहे- सओजी टीम और पुलिस बदमाश का नाम बताने से बच रही है। इस बात को भी स्पष्ट नहीं कर रही कि भागा बदमाश इनामी था या नहीं। स्थानीय पुलिस अपने बचाव में कह रही है कि एसओजी ने अपने इस आपरेशन को गुप्त रखने के चक्कर में थाना पुलिस को बदमाश के जिले की सीमा में दाखिल होने की जानकारी नहीं दी थी। उठने लगे सवाल, जवाब नहीं - इससे यह सवाल उठ रहा है कि अगर पुलिस का कहना सही है तो एसओजी ने ऐसा क्यों किया। सवाल यह भी उठ रहा है कि बदमाश के भाग जाने के बाद तो यह जानकारी पूरे जिले की पुलिस को हो गई तो इसके बाद उस तक पहुंचने के लिए पुलिस ने क्या प्रयास किए। जिस बदमाश के चकमा देकर भागने का दृश्य गजरौला नगर के तमाम लोगों ने देखा तो उस पर परदा डालने की कोशिश क्यों की जा रही है। फिलहाल इस तरह के किसी भी सवाल का सीधा जवाब सामने नहीं आया है। नगर या नजदीक के किसी कस्बे में भूमिगत तो नहीं हो गया- कार समेत भागे बदमाश का सुराग न लगने से उसके गजरौला- हसनपुर या नजदीक के किसी कस्बे में पहुंचकर भूमिगत होने के कयास लगाए जा रहे हैं। अनुमान जताया जा रहा है कि परिस्थिति के हिसाब से बदमाश ने गजरौला से हसनपुर का रूट पकड़ा होगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

बरेली बवाल के दो और उपद्रवियों का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

पुलिस की बंदूक लूटने वाले लंगड़ाते दिखे

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमर्शमा / बरेली। बवाल के बाद ऐक्शन जारी है। बुलडोजर और मुठभेड़ के बीच पुलिस की एंटी राइट गन लूट ले जाने वाले दो बदमाशों का हाफ एनकाउंटर हुआ।

सीबीगंज में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी है,जिससे वे गिर गए। उनके कब्जे से लूटी गईं एंटी राइट गन भी बरामद हो गई है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान दोनों बदमाश लंगड़ाते दिखे। बता दें कि मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर जबरन इस्लामिया ग्राउंड जाने की कोशिश कर रही भीड़ ने 26 सितम्बर को बवाल कर दिया था। इस दौरान करीब दस स्थानों पर पुलिस पर पथराव और फायरिंग किया गया। पुलिस का वायरलेस सेट और एंटी राइट गन लूट की गई। बुधवार को सीबीगंज पुलिस ने यह गन लूटने वाले दोनों बदमाशों को बंडिया नहर के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम शाहजहांपुर में थाना मदनापुर के इस्लामनगर पंखाखेड़ा निवासी इदरीश और इसी थाना क्षेत्र में गढ़ी निवासी इकबाल बताए हैं। गिरफ्तार बदमाश इदरीश और इकबाल शातिर बदमाश हैं। इदरीश के खिलाफ प्रदेश के कई थानों में लूट, डकैती, चोरी और गैंगस्टर समेत 20 मुकदमे दर्ज हैं। इकबाल भी उसका साथी है और उस पर 17 मुकदमे दर्ज हैं। उनके कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, खोके, मोबाइल और बाइक भी बरामद हुई है।

पाल अवैध क्लीनिक: मेडिकल स्टोर लाइसेंस पर इलाज और महिलाओं की डिलीवरी स्वास्थ्य विभाग मौन

क्यूँ न लिखूँ सच/ ताज मलिक /अमरोहा /उत्तर प्रदेश थाना ढबारसी सूत्रों के हवाले से मिली बड़ी जानकारी के अनुसार ढबारसी में पाल मेडिकोज के नाम पर खुलेआम मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जबकि मेडिकल स्टोर के लाइसेंस पर किसी भी तरह का इलाज करना कानूनन अपराध है। यही नहीं, आरोप है कि इस अवैध तरीके से महिलाओं की डिलीवरी तक कराई जा रही है। फार्मेसी एक्ट 1948 और 1940 के तहत मेडिकल स्टोर की अनुमति है। इंडियन मेडिकल 15 साफ कहती है कि बिना व्यक्ति इलाज नहीं कर सकता। इस्टैब्लिशमेंट्स एक्ट 2010 के अस्पताल, क्लीनिक या

मेडिकोज के बराबर में ही ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट को केवल दवाइयों की बिक्री काउंसिल एक्ट 1956 की धारा रजिस्टर्ड डॉक्टर के कोई भी वहीं क्लीनिकल अनुसार बिना पंजीकरण डिलीवरी सेंटर चलाना पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 304ए (लापरवाही से मौत होने पर जिम्मेदारी) और धारा 336 (मानव जीवन को खतरे में डालना) भी सीधे तौर पर लागू होती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाल मेडिकोज के पास दवाइयां बेचने का लाइसेंस जरूर है, लेकिन उसके नाम पर इलाज और यहां तक कि महिलाओं की डिलीवरी तक कराना सीधे तौर पर जनता की जान से खिलवाड़ है। यह व्यवस्था न केवल गैरकानूनी है बल्कि हर मरीज की जिंदगी के लिए खतरा भी है। स्वास्थ्य विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी बनती है कि तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें। संबंधित मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द किया जाए, जुर्माना और जेल की कार्रवाई हो और यदि इलाज के दौरान किसी मरीज को नुकसान पहुंचा है तो मुआवजा और कठोर दंड सुनिश्चित किया जाए। यह सिर्फ पाल मेडिकोज की बात नहीं है, बल्कि जिले में कई मेडिकल स्टोर लाइसेंस की आड़ में गैरकानूनी अस्पताल और क्लीनिक चला रहे हैं। अगर प्रशासन अब भी आंखें मूंदे बैठा रहा तो यह लाइसेंस टू किल जैसी स्थिति बन जाएगी। इस मामले में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) अमरोहा डॉ. सत्यपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा- ऐसे किसी भी मेडिकल स्टोर या मेडिकोज को मरीजों का इलाज करने या डिलीवरी कराने का अधिकार नहीं है। अगर पाल मेडिकोज या किसी अन्य जगह पर इस तरह की गतिविधियां हो रही हैं तो यह पूरी तरह अवैध है। मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर लाइसेंस रद्द करने से लेकर कानूनी कार्रवाई तक की जाएगी। जनता की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस ने जारी किया बरेली बवाल का ड्रोन वीडियो, सड़क पर बेकाबू दिखी भीड़

बरेली पुलिस ने बुधवार को बवाल से संबंधित ड्रोन वीडियो जारी किए हैं। ये वीडियो 26 सितंबर के है। इसी दिन बिहारीपुर इलाके में नमाज के बाद खलील तिराहे के पास सड़क पर भीड़ जुटी

थी।बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद से अब तक 75 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस बीच पुलिस ने बुधवार को बवाल से संबंधित ड्रोन वीडियो जारी किए हैं। पुलिस के मुताबिक ये वीडियो उस वक्त हैं, जब बिहारीपुर इलाके में नमाज के बाद खलील तिराहे के पास सड़क पर भीड़ जुटी थी। बेकाबू भीड़ को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। जब लोग नहीं माने तो पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। ड्रोन वीडियो में बेकाबू भीड़ को पुलिस रोकने का प्रयास करती दिख रही है। इसके बाद लाठीचार्ज हुआ। 26 सितंबर को क्या हुआ था? आई लव मोहम्मद के समर्थन में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर भीड़ जुटी थी। मौलाना के नदारद रहने से भीड़ अराजक हो गई। पुलिस का दावा है कि लोगों ने दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की थी। बेकाबू भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। आंसू गैस के गोले दागे गए थे। पुलिस के मुताबिक बवाल में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे बवाल के बाद पुलिस ने शहर के अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें 125 लोग नामजद और करीब तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। सात मुकदमों में मौलाना तौकीर रजा का नाम है। बवाल की जांच के लिए डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी के निर्देश पर एसएसपी अनुराग आर्य ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसआईटी में एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में तीन सीओ और 14 इंस्पेक्टर शामिल हैं। अब तक 75 आरोपी गिरफ्तार बवाल के बाद से अब तक 75 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद डॉ. नफीस और नदीम खान समेत अन्य लोगों की गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बुधवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है। दोनों शाहजहांपुर के मदनापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक नदीम ने दोनों को बुलाया था। दोनों बवाल में शामिल रहे थे।

कालीबाड़ी में बिकता है हर साइज का रावण, दो फुट से 30 फुट के पुतलों के लिए बोली भी लगती है

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमर्शमा / बरेली। कालीबाड़ी, डीडीपुरम और बिहारीपुर कसगरान में दशहरा पर पुतले वालों का बाजार सज जाता है। आस-पास के जिलों के साथ-साथ उत्तराखंड तक यहां से पुतले जाते हैं। एक वाली गली' रख दिया है। जमीन-जायदाद की बोली लेकिन बरेली में एक जहां बोली रावण के साल दशहरा पर बरेली के डीडीपुरम और बिहारीपुर वाली गली' में सैकड़ों

मार्केट का नाम ही 'रावण सब्जी, अनाज, गाड़ी या लगते आपने सुनी होगी, अनोखी मंडी लगती है, पुतलों पर लगती है। हर तीन इलाके कालीबाड़ी, कसगरान की 'रावण पुतले सजते हैं। यहां 20 रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक के रावण बिकते हैं, जिनकी ऊंचाई डेढ़ फुट से लेकर 30 फुट तक होती है। इस मंडी से पुतला खरीदने केवल बरेली वाले ही नहीं आते, बल्कि उत्तराखंड, पीलीभीत, बदायूं और दूसरे जिलों के लोग भी पहुंचते हैं। कारीगरों का अनुमान है कि इस बार रावण के पुतलों का कारोबार लाखों रुपये तक पहुंच सकता है। बिहारीपुर कसगरान का मोहल्ला 'रावण वाली गली' नाम से मशहूर है। कभी इस गली में इतनी तादाद में पुतले बनाए जाते थे कि पैदल निकलना मुश्किल हो जाता था। उस समय दूर-दराज से लोग रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले खरीदने आते थे। अब पहले की तरह मांग नहीं रही, लेकिन परंपरा जारी है। कालीबाड़ी निवासी बाबू कहते हैं कि उनकी पत्नी रावण के पुतले बनाती हैं और वह बेचने का काम संभालते हैं। इलाके के कई राजपूत परिवार की महिलाएं पुतले बनाने में जुटी रहती हैं। पुतले बनाने के बाद उन्हें बिक्री के लिए मेन रोड पर सजाकर रखा जाता है।

बरेली बवाल के मास्टरमाइंड डॉ. नफीस और उसके बेटे गिरफ्तार को पुलिस ने जेल भेजा

अब तक हुए 81 आरोपी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमर्शमा / बरेली। बवाल के मामले में आरोपी डॉ. नफीस खां और उसके बेटे फरमान समेत आठ और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया आठ आरोपियों को इनमें दो आरोपी मुठभेड़ दोनों शाहजहांपुर जनपद के बाद से अब तक कुल किए जा चुके हैं। फुटेज पर आरोपियों को चिह्नित पुलिस का फोकस उन

